(ङ) उनको ये सुविधायें उपलब्ध करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का प्रस्ताव है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) :(क) जी नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

(ग) से (ङ) : आदित्यपुर स्टेशन पर रेल कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित सुविधाएं मौजूद हैं :—

(1) दो प्राथमिक स्कूल, एक में हिन्दी और दूसरे में बंगाली माध्यम ।

(2) उपभोगकर्ता सहकारी समिति ।

(3) एक स्वास्थ्य यूनिट ।

(4) इस स्टेशन पर महीने में एक बार चल-पुस्तकालय आता है।

(5) छने हुये पानी की पर्याप्त सप्लाई ।

धन की कमी के कारण मनोरंजन की सुविधाओं जैसे रेलवे इंस्टिट्यूट, अध्ययन कक्ष आदि की व्यवस्था नहीं की जा सकी।

रेलवे अस्पतालों में बी० ग्रेड नर्सें

8564. **श्री मोलहू प्रसाद : क्या रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे बोर्ड के दिनांक 9 सितंबर, 1963 के पत्र संख्या ई०। (एन० जी०) 62 पी० एम०/16 के अनुसार सभी रेलवे अस्पतालों को 'बी' ग्रेड नर्सों को 'ए' ग्रेड दे दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो अस्पतालवार उसका व्यौरा क्या; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) से (ग) : रेलवे बोर्ड के 14-8-1963 के पत्र सं० ई०(एन०जी०) 62 पी० एम० 1/16 में नर्सों की पदोन्नति सरणि निर्धारित की गई है। उसमें दिये गये आदेशों के अनुसार 210-320 रु० के वेतनमान में नर्सों की रिक्तियां 150-280 रु० के वेतनमान में 5 वर्ष से अधिक समय से काम करने वाली कर्मचारी नर्सों और वरिष्ठ नर्सिंग 'ए' प्रमाणपत्र धारी नर्सों द्वारा, जिन पर 5 वर्ष की सेवा करने की शर्त लागू नहीं होती, पदोन्नति द्वारा भरी जाती हैं और पदोन्नति के लिए कर्मचारियों के उपलब्ध न होने पर उतने रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाती है। ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है कि सभी रेलवे अस्पतालों में काम करने वाली 'बी' ग्रेड की नर्सों (जैसे स्टाफ नर्स) को 'ए' ग्रेड दे दिया जाना चाहिए।

रेलवे में हिन्दी प्रशिक्षण केन्द्र

8565. **श्री मोलहू प्रसाद** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गृह-कार्य मंत्रालय द्वारा 1961 से प्रत्येक रेलवे के मुख्यालय में हिन्दी प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किये गये हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि प्रत्येक क्षेत्रीय मुख्यालय में हिन्दी परिषदों की भी स्थापना की गई है;

(ग) यदि हां, तो उक्त परिषदों के प्रमुखों के नाम तथा पदनाम क्या हैं;

(घ) दिसम्बर, 1968 से प्रत्येक मुख्यालय से (1) कर्मचारियों, (2) प्रशासनिक विषयों (3) प्रक्रिया सम्बन्धी मामलों पर कितने-कितने परिपत्रों को दो भाषाओं में साथ-साथ जारी किया गया; और

(ङ) इस बारे में पूरा व्यौरा क्या है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) :(क) सूचना इकट्ठी की जा रही है और लोक-सभा पटल पर रख दी जायेगीं।

(ख) से (ङ). एक विवरण जिसमें अपेक्षित सूचना दी गयी है, सभा-पटल पर रखा गया